# हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हडको लि.)

**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल**
**पर्यावास भवन, ब्लॉक-3, जेलरोड, भोपाल (म.प्र.)**
**दूरभाष : 0755-2763542, 2571359, 4003456, ईमेल:-bhro@hudco.org**

## अचल संपत्ति की ई-नीलामी से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

**ई.एम.डी. तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि /समय: 29/07/2026 सायं 04:00 बजे तक**

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको लिमिटेड) **के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री**, उसके स्वीकृत ऋण (**वितरित राशि के अधीन**) के लिए ई-नीलामी के माध्यम से 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित **प्रवर्तन** अधिनियम 2002 (SARFAESI Act, 2002) [अधिनियम संख्या 54, 2002] के तहत, जिसे 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पढ़ा जाए ।

चूंकि, हडको के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा '**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और** पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002' की धारा 13(2) के तहत हडको की ओर से जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित ऋण खाते से संबंधित **नीचे दी गई संपत्ति का सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया था**, और उन्हें हडको **के बकाया की वसूली के लिए इस संपत्ति** को "जैसा है, जहां है और जैसा है, वैसा है" के आधार पर विक्रय करने का अधिकार प्राप्त है । अतः **इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋण लेने वाले उधारकर्ता तथा गारंटर को यह नोटिस दिया जाता है कि यह बिक्री** अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से निम्नलिखित विवरण के अनुसार की जाएगी :-

| उधार देने वाले का नाम एवं खाता | अचल सम्पत्ति का विवरण व मालिकाना हक | मांग सूचना दिनांक<br>कब्जा दिनांक<br>बकाया राशि | ई.एम.डी. प्रस्तुतिकरण और खाता विवरण | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **उधारदाता:**<br>हडको लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावास भवन, ब्लॉक -3, जेल रोड, भोपाल (म.प्र.)<br><br>**रजिस्टर्ड कार्यालय:**<br>हडको भवन, कोर 7-A, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003<br><br>**ऋणी खाता:**<br>मैसर्स जबलपुर ट्रेजर आयलैंड प्रा. लि. (पूर्व में मैसर्स इंटरटेनमेंट वर्ल्ड जबलपुर प्रा. लि.) "ट्रेजर आयलैंड" छठवां तल, 11, तुकोगंज, मेन रोड़, इन्दौर (म.प्र.) पिन-452001<br><br>**गारंटर:**<br>**1.** मैसर्स इंटरटेनमेंट वर्ल्ड डेवलपर्स इंडिया प्रा.लि. पांचवा तल, फोनिक्स हाउस, 462, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, पश्चिम मुम्बई-400013 (महाराष्ट्र)<br><br>**2.** श्री मनीष कालानी, पुत्र श्री पी. एस. कालानी, 571, सुनिकेत अपार्टमेंट, खजराना रोड़, इन्दौर (म.प्र.) | खसरा नं-68/1 (क) एवं 70/1, ग्राम पोलीपाथर, सेटलमेंट नं-164, पटवारी हल्का नं-24/2, **एवं उस पर निर्मित** संपत्ति, ग्वारीघाट, पोलीपाथर, तहसील व जिला-जबलपुर (म.प्र.) जिसका क्षेत्रफल 12975 वर्गमीटर है जोकि म.प्र. राज्य **में स्थित है जिसकी** चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं :-<br><br>**पूर्व में** - साईड रोड़ एवं सुख सागर वैली की भूमि **पश्चिम में** - 30 मीटर चौड़ा रोड़ **उत्तर में** - मनमोहन सिंह की भूमि **दक्षिण में** - साईड रोड है । | हडको के मांग सूचना पत्र दिनांक 09/03/2012 के अनुसार देय राशि रूपये 39,67,94000/- एवं उस पर भविष्य में लगने वाले ब्याज दण्ड ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि<br><br>कब्जा दिनांक 07/02/2013 (सांकेतिक )<br><br>दिनांक 31/05/2026 तक रूपये 535.60 करोड़ (रू. पॉच सौ पैंतीस करोड साठ लाख) तथा उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | **खाता संख्या**<br>119305001909<br><br>**खाता नाम:**<br>हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. (हडको लिमिटेड)<br><br>**बैंक का नाम:**<br>आई.सी.आई.सी.आई बैंक, एम पी नगर , भोपाल<br><br>**IFSC :**ICIC0001193<br><br>**हितग्राही का नाम:** हडको लिमिटेड | **आरक्षित मूल्य**<br>**रू. 116.12 करोड़**<br>(रूपये एक सौ सोलह करोड़ बारह लाख मात्र)<br><br>**धरोहर राशि**<br>**रू. 11.61 करोड़**<br>(रूपये ग्यारह करोड़ इकसठ लाख मात्र)<br><br>**बोली वृद्धि राशि**<br>**रू. 15.00 लाख**<br>(रूपये पन्द्रह लाख मात्र) | तिथि 30/07/2026<br><br>समयः प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे दोपहर तक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगा |

**नियम एवं शर्तें : संपत्ति का विक्रय नीचे वर्णित शर्तों के आधार पर ही होगा। 1.** संपत्ति का विक्रय भार सहित **"जहां है जैसी है और जैसी है वैसी है"** के आधार पर होगा । **2.** नीलामी/बोली केवल ऑनलाईन इलेक्ट्रांनिक बोली के माध्यम से वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** के द्वारा होगी। **बोलीकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे** ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व वेबसाईट देख लें। **3.** संपत्ति का विवरण हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से कार्यालयीन दिवस में 11:00 बजे पूर्वान्ह से सायं 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है, संपत्ति देखने के इच्छुक व्यक्ति अपने खर्चे पर संपत्ति स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं । **4.** आरक्षित मूल्य से कम कीमत पर संपत्ति का विक्रय नहीं होगा। विक्रय प्रक्रिया में **भाग लेने वाले बोलीकर्ता नीलामी के मध्य** अपनी बोली आगे बढ़ा सकते हैं । **5.** उक्त ईएमडी राशि RTGS/NEFT **द्वारा संबंधित संपत्ति के समक्ष उल्लेखित** शाखा एवं खाते में दिनांक **29/07/2026 सायं 4:00 बजे** तक या इसके पूर्व जमा करना होगा। **6.** इच्छुक बोलीकर्ता के पास अपना वैद्य डिजिटल हस्ताक्षर **प्रमाण पत्र** एवं ईमेल पता होना चाहिए । डिजिटल हस्ताक्षर की विस्तृत जानकारी हेतु **कृपया सेवा प्रदाता C-1 India Pvt. Ltd., श्री मिथलेश कुमार, मोबाईल नं- +91-7080804466 टेलीफोन: 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल आईडी: mpcg@c1india.com** से संपर्क करें (यदि बोलीकर्ता के पास डिजिटल हस्ताक्षर न हो) **7.** ईएमडी राशि चुकाने के पश्चात इच्छुक **बोलीकर्ताओं के निम्नलिखित** दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी **दिनांक 29/07/2026 के सायं 4:00 बजे** या इससे पूर्व तक हडको क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या ईमेल द्वारा जमा हो जाना चाहिए । (a) ईएमडी की राशि RTGS/NEFT द्वारा जमा की हो तो उसकी प्राप्त रसीद UTR नं .सहित। (b) पैन कार्ड, आईडी फ्रुफ एवं एड्रेस फ्रुफ कॉपी जबकि सफल बोलीकर्ताद्वारा इनके मूल दस्तावेज हडको को बिड राशि की 25% जमा करते समय दिखाना होगा। (c) बोलीकर्ता का नाम, संपर्क नं., पता, ईमेल आईडी। (d) ऑनलाईन ईएमडी की राशि वापस करने के लिए बोलीकर्ता के खाते की विस्तृत जानकारी। **8.** इच्छुक बोलीकर्ता को अपना नाम पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर पंजीकृत करना होगा एवं उनकी यूजर आईडी, पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त **करें । संभावित बोलीकर्ता सेवाप्रदाता C-1 India Pvt. Ltd., श्री मिथलेश कुमार, हेल्पलाईन ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com मोबाईल नं- 7080804466, टेलीफोन : 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल आईडी: mpcg@c1india.com** से ऑनलाइन ई-नीलामी **की प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण ले सकते हैं । 9.** नीलामी असफल बोलीकर्ता द्वारा जमा की गई ईएमडी राशि **संपत्ति के विक्रय की पुष्टि के दो दिन पश्चात** वापस कर दी जावेगी। ईएमडी राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। **10.** ऑनलाईन नीलामी की प्रक्रिया समाप्त होते समय बोलीकर्ता द्वारा उच्चतम बोली लगाई जाती है (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) **तो उस बोलीकर्ता को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जायेगा । सुरक्षित लेनदार द्वारा विक्रय** की पुष्टि के पश्चात **ही सफल बोलीकर्ता के पक्ष में विक्रय की पुष्टि की जावेगी । 11.** सफल बोलीकर्ता को उसके पक्ष में बोली की पुष्टि के तुरंत बाद विक्रय मूल्य का 25% (ईएमडी की राशि सहित जो पूर्व में जमा की गई है) जमा करनी होगी एवं शेष 75% **राशि सुरक्षित देनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि होने की दिनांक से** 15 **दिनों के भीतर जमा करानी होगी । यदि सफल बोलीकर्ता ऊपर** वर्णित समयावधि में **राशि चुकाने में असफल होता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पूर्व में बिना कोई सूचना दिए उसकी जमा राशि जप्त** कर ली जावेगी एवं संपत्ति का पुनः **विक्रय किया जावेगा । 12.** सफल बोलीकर्ता द्वारा दस्तावेजों के निष्पादन में होने वाले सभी खर्च, रजिस्ट्रेशन फीस, स्टाम्प **शुल्क**, टेक्सेस, सरकारी बकाया इत्यादि स्वयं वहन करने होंगे। **13. प्राधिकृत अधिकारी के पास** बोली स्थगित करने, आगे बढ़ाने या नियम व शर्तों को बिना सूचना दिए बदलने का अधिकार सुरक्षित है। **14.** प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, **संपत्ति पर कोई भार नहीं है।** प्राधिकृत अधिकारी या हडको सरकार या किसी अन्य को संपत्ति **ई-नीलामी के संबंध में किसी भी शुल्क**, ग्रहणाधिकार, भार या अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा । इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, **बिजली के बिल आदि सहित संपत्ति पर किसी भी तरह के भार के बारे में अपनी स्वतंत्र** जांच कर लें । **15.** चूंकि विक्रय मूल्य 50 लाख से अधिक है, इसलिए बोलीकर्ता को विक्रय राशि का 1% टीडीएस का भुगतान आयकर विभाग के पास जमा कर टीडीएस **प्रमाण पत्र की मूल प्रति हडको के पास जमा करना होगा । इस नोटिस को सुरक्षा हित** (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत उधारकर्ता और गारंटर (एल/आर) को 30 दिनों का वैधानिक बिक्री नोटिस भी माना जाएगा ।

**नोटः- बोलीदाताओं के हित में होगा कि वे अंतिम चरण में बोली न लगाएं, क्योंकि हडको या सेवा प्रदाता बिजली कटौती, इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि के कारण होने वाली किसी भी विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे बोली प्रक्रिया में सफलतापूर्वक भाग लेने के लिए इन संभावित परिस्थितियों के लिए उचित बैकअप व्यवस्था करें।**

**दिनांक : 18/06/2026**
**स्थान : भोपाल**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. (हडको)**